To Ms. Deepika for n/a

Allowed
8/8/26

GOVT. COLLEGE
Diary No. 3196
Date 08/08/26
MANGALI (HISAR)

सेवा में,
प्राचार्या महोदया,
राजकीय महाविद्यालय, मंगाली,
हिसार

विषय: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली की संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के प्रचार-प्रसार एवं महाविद्यालय की वेबसाइट पर विज्ञापन प्रकाशित कराने बाबत।

महोदया,
सविनय निवेदन है कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली (अधिसूचना 2/2026) द्वारा संस्कृत विषय का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों हेतु प्रतिवर्ष संस्कृत मेधा छात्रवृत्ति (Merit Scholarship) योजना संचालित की जाती है। इस योजना के अंतर्गत स्नातक (बी.ए.) प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम वर्ष सहित अन्य पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि विद्यार्थियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा जारी छात्रवृत्ति संबंधी विज्ञापन/अधिसूचना को महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना-पट्ट पर प्रकाशित करवाने तथा सभी संबंधित विद्यार्थियों को आवेदन हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।
इसके लिए मैं आपका सदैव आभारी रहूँगा।

भवदीय,
रवि
सहायक प्रोफेसर, संस्कृत
राजकीय महाविद्यालय, मंगाली,
हिसार
दिनांक:-07 अगस्तअगस्त 2026
छात्रवृत्ति आवेदन तिथि- 01-04-2026
छात्रवृत्ति आवेदन अन्तिम तिथि-31-08-2026

Scanned with OKEN Scanner

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय/Central Sanskrit University

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित/Established by an Act of Parliament

56-57, सांस्थानिक क्षेत्र/56-57, Institutional Area

जनकपुरी, नई दिल्ली/Janakpuri, New Delhi:-110058

दिनांक/Date: 01.04.2026

## अधिसूचना/Notification- 2/2026

भारतवर्ष के सभी शैक्षिक संस्थाओं और छात्रों को सूचित किया जाता है कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा **संस्कृत संवर्धन योजना** के अंतर्गत वर्ष 2026-2027 की छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु **पारंपरिक धारा** में किसी भी मान्यता प्राप्त संस्कृत पाठशाला/संस्कृत महाविद्यालय/संस्कृत विश्वविद्यालय या **आधुनिक धारा** में स्कूलों/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में पूर्व-मध्यमा (प्रथमवर्ष)/9वीं कक्षा, पूर्व-मध्यमा (द्वितीयवर्ष)/10वीं कक्षा, उत्तर-मध्यमा/प्राक्-शास्त्री-(प्रथमवर्ष)/11वीं कक्षा, उत्तर-मध्यमा/प्राक्-शास्त्री (द्वितीयवर्ष)/12वीं कक्षा, शास्त्री/बी.ए. (प्रथम/द्वितीयवर्ष/तृतीयवर्ष), आचार्य/एम.ए.(प्रथम/ द्वितीयवर्ष), विद्यावारिधि/पी.एच.डी. अथवा तत्समकक्ष पाठ्यक्रमों में संस्कृत/पालि/प्राकृत भाषा को मुख्य या वैकल्पिक विषय के रूप में नियमित अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में सभी पूर्व तथा नवीन विद्यालयों/महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से अनुरोध है कि कृपया निम्नलिखित विस्तृत सूचना के अनुसार सुनिश्चित करें कि:-

It is notified to all Educational institutions and students of all over country of India, that the Central Sanskrit University, Delhi is inviting the online applications for Award of scholarships for the year 2026-2027 under the **Scheme for Promotion of Sanskrit** from the students who are regularly studying *Sanskrit/Pali/Prakrit* as a main or optional subject in any recognized *Sanskrit Pathashalas/Sanskrit Mahavidyalayas/Sanskrit Vishwavidyalayas in* ***Traditional Stream*** or Schools/ Colleges/Universities in **Modern Stream** pursuing *Purva-Madhyama*(1st year)/9th standard, *Purva-Madhyama* (2nd year)/ 10th standard, *Uttar-Madhyama/Prak-Shastri-*(1st year)/11th standard, *Uttar-Madhyama/Prak-Shastri-*(2nd year)/12th standard, *Shastri*/B.A (1st/2nd/3rd year), Acharya/M.A(1st/2nd year), Vidyavaridhi/Ph.D. or equivalent courses. In this regard, it is hereby requested that all old registered and new Schools/Colleges/Universities/Institutions may please be ensured about the following descriptions:-

| सोपान Steps | विस्तृत सूचना Description | निर्धारित तिथियाँ Specific dates | |
|---|---|---|---|
| | | पंजीकरण/प्रोफाइल अपडेशन करने की आरम्भ तिथि Starting date of online registration/profile updating | पंजीकरण/प्रोफाइल अपडेशन करने की अंतिम तिथि Closing date of online registration/profile updating |
| सोपान-I Step- 1 | सभी नवीन शैक्षिक संस्थाओं (पहले से पंजीकृत संस्थाओं को छोड़कर) को ऑनलाइन के माध्यम से पंजीकरण/प्रोफाइल अपडेट करना होगा। *All newly Educational Institutions (Except already registered institutions)* should be registered/ update the profile through online. | **01.04.2026** | **25.08.2026** |
| सोपान-II Step- 2 | सम्बद्ध संस्था का पंजीकरण होने के बाद ही छात्र/छात्राएँ निम्नलिखित माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र कर सकते है। After registration of the concerned institutions, the students can apply for scholarship through online mode. ➢ www.sanskrit.nic.in/schemes/ ➢ www.csu.co.in/scholarship2026/ | **01.04.2026** | **31.08.2026** |

➢ **सभी पूर्व (पहले से विश्वविद्यालय के पोर्टल में पंजीकृत) तथा नवीन शैक्षिक संस्थाओं को ऑनलाइन के माध्यम से उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित अधिकृत पोर्टल पर पंजीकरण/प्रोफाईल अपडेशन अनिवार्य हैं-**

All old (already registered in university portal) & newly Educational Institutions must be registered themselves update thei profile through online mode on the following authorized portal by the Department of Higher Education, Ministry of Education Govt. of India: -

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोपान-III Step- 3 | पंजीकरण/प्रोफाईल अपडेशन करने की प्रक्रिया इस प्रकार है:- The process for doing the updating of the registration/profile is as follows: - ➢ **AISHE** (All India Survey on Higher Education) Portal. Link - https://aishe.gov.in/aishe/home ➢ **UDISE+** (Unified Digital Information on School Education) Portal. Link - http://udiseplus.gov.in/#/page/code | पंजीकरण/प्रोफाइल अपडेशन करने की आरम्भ तिथि Starting date of online registration/profile updating **01.04.2026** | पंजीकरण/प्रोफाइल अपडेशन करने की अंतिम तिथि Closing date of online registration/profile updating **31.08.2026** |

➢ छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन माध्यम से आवेदन तथा योग्यता, नियमों, विनियमों और आवश्यक दस्तावेजों आदि के बारे में विस्तृत सूचना **विश्वविद्यालय** की वेबसाइ www.sanskrit.nic.in/schemes/ (अथवा) www.csu.co.in/scholarship2026/ पर देखी जा सकती हैं।

The notification for applying for the scholarship through online mode and qualifications, rules, regulations and require documents etc. can be seen at university website www.sanskrit.nic.in/schemes/ (or) www.csu.co.in/scholarship2026/

➢ **छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन के माध्यम से स्वीकार्य होंगे**

➢ **Application for scholarship is accepted through online mode only.**

➢ **आवेदन पत्र या प्रपत्र पत्र डाक द्वारा अथवा अन्य माध्यम से विश्विद्यालय को भेजने कि आवश्यकता नहीं है**

➢ **No need to send any document by post or other means.**

ह0/-

निदेशक (केंद्रीय योजना

Scanned with OKEN Scanner